
# ई-फॉरेंसिक 2.0 प्लेटफॉर्म किया शुरू






विशेष संवाददाता

**भोपाल, 6 मार्च. मध्यप्रदेश पुलिस ने साइबर अपराधों की जांच को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में राज्य साइबर फॉरेंसिक प्रयोगशाला में अत्याधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म ई-फॉरेंसिक 2.0 (बीटा) पर कार्य प्रारंभ किया है.**

इस प्रणाली का शुभारंभ पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने किया. यह प्लेटफॉर्म इंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पुलिस, न्यायालय, अभियोजन और फॉरेंसिक संस्थानों को एकीकृत डिजिटल मंच पर जोड़ना है.

> इससे आपराधिक मामलों में साक्ष्य संकलन, परीक्षण और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया अधिक सुगम और प्रभावी हो सकेगी. वर्तमान में इस प्रणाली को क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स (सीसीटीएनएस) के साथ एकीकृत किया जा रहा है. आगामी माह में यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रदेश के पुलिस थाने सीधे (सीसीटीएनएस) के माध्यम से ई-फॉरेंसिक पोर्टल पर फॉरेंसिक परीक्षण और साक्ष्य विश्लेषण के लिए ऑनलाइन अनुरोध भेज सकेंगे.

## जीएमसी में दंत परीक्षण शिविर आयोजित

**भोपाल.** राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस के अवसर पर गांधी चिकित्सा महाविद्यालय (जीएमसी) के दंत शल्य चिकित्सा विभाग द्वारा शुक्रवार को दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में लगभग 120 मरीजों के दांतों का परीक्षण किया गया तथा नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया. दंत शल्य चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनुज भार्गव ने बताया कि यदि लोग दांतों की उचित देखभाल करें और समय-समय पर दंत परीक्षण कराते रहें तो दांतों से संबंधित कई गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है. अधिष्ठाता डॉ. कविता एन. सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है.

# 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा तापमान



**भोपाल, 6 मार्च. होली के बाद तेज धूप के चलते प्रदेश में तापमान 38.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा है, जिसके चलते भीषण गर्मी का एहसास लोगों को हो रहा है. आगामी दिनों में लोगों को और अधिक गर्मी से जूझना पड़ सकता है. नर्मदापुरम में तापमान 38 डिग्री को टच कर गया.**

मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटो में, अधिकतम तापमानों में सभी संभागों के जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ.

भोपाल, उज्जैन, जबलपुर, शहडोल संभागों के जिलों में सामान्य से 20° से 30° तक अधिक रहा. नर्मदापुरम, ग्वालियर, चंबल, रीवा, सागर संभागों के जिलों में सामान्य से 3.3° से. 4.8° से. अधिक रहा.

> मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक एक ऊपरी वायु चक्रवातीय परिसंचरण अब उत्तर-पश्चिम ओडिशा और निकटवर्ती क्षेत्रों के ऊपर माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊँचाई पर सक्रिय है. एक ट्रफ, उत्तर-पश्चिम ओडिशा और निकटवर्ती क्षेत्रों पर सक्रिय चक्रवातीय परिसंचरण से उत्तर छत्तीसगढ़ और उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश होते हुए उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश तक माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊँचाई पर विस्तृत है. उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम, लगभग 213 किमी/घंटा की गति से माध्य समुद्र तल से 12.6 किमी की ऊँचाई पर उत्तर-पश्चिम भारत के ऊपर बह रहीं है.

# ट्रेनों में अवैध सामग्री की रोकथाम के लिए जांच जारी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 6 मार्च. रेलवे स्टेशनों पर अवैध वेंडिंग की रोकथाम, खानपान सामग्री की गुणवत्ता जांच लगातार की जा रही है.**

ट्रेनों में ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग स्टाफ, लिनेन स्टाफ, पेंट्री/ कैटरिंग स्टाफ तथा वेंडरों द्वारा अवैध रूप से शराब, गुटखा, सिगरेट आदि उपलब्ध कराने की संभावित गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से भोपाल मंडल में दिनांक 2 मार्च से आगामी 15 दिनों तक विशेष संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान में वाणिज्य विभाग, मेकैनिकल विभाग तथा



रेल सुरक्षा बल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न ट्रेनों में जांच की जा रही है.

## मां की मौत को लेकर युवक ने रोका सीएम का काफिला

**इंदौर.** इंदौर में मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान एक युवक ने अपनी मां की मौत के मामले में न्याय की मांग करते हुए उनका काफिला रोक लिया. बताया गया कि करीब पांच महीने पहले मंजू चौहान को सर्दी-खांसी की शिकायत के चलते एक निजी क्लिनिक पर बीएचएमएस डॉक्टर द्वारा इंजेक्शन और बॉटल लगाई गई थी. इसके बाद उनकी मौत हो गई. परिजनों का आरोप है कि अब तक दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई. मृतका के बेटे रोहन ने न्याय की मांग को लेकर मुख्यमंत्री का काफिला रोक दिया. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने युवक से बात की.

# किसानों का कर्ज बढ़ने के लगाए आरोप

## 'कृषि कल्याण वर्ष' पर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के सवाल

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 6 मार्च. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शुक्रवार को राज्य सरकार द्वारा घोषित कृषि कल्याण वर्ष के दावों पर तीखी आलोचना करते हुए कहा कि प्रदेश के किसान आज भी अधूरे वादों, प्रशासनिक लापरवाही और कृषि विकास के लिए निर्धारित धन के सही उपयोग न होने के कारण परेशान हैं.**

भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पटवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश की लगभग 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, लेकिन पिछले दो



दशकों से भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों को केवल वादों के सहारे भ्रमित करती रही है.

> उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने बार-बार खेती को लाभ का धंधा बनाने और किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया, लेकिन वास्तविकता यह है कि किसानों का कर्ज और आत्महत्याएँ बढ़ी हैं. राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए पटवारी ने आरोप लगाया कि चुनाव के समय किसानों से किए गए तीन प्रमुख वादों को भी सरकार पूरा नहीं कर पाई है. इनमें सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6,000 रुपये प्रति क्विंटल, धान का 3,100 रुपये प्रति क्विंटल और गेहूं का 2,700 रुपये प्रति क्विंटल देने का आश्वासन शामिल था.

# डॉक्टरों ने काली पट्टी लगाकर किया विरोध प्रदर्शन



**भोपाल, 6 मार्च. मध्य प्रदेश के शासकीय मेडिकल कॉलेजों के रेजिडेंट डॉक्टरों द्वारा संशोधित स्टाइपेंड लागू करने और एरियर देने की मांग को लेकर काली पट्टी लगाकर प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है.**

रेजिडेंट डॉक्टरों का कहना है कि 01 अप्रैल 2025 से देय सीपीआई आधारित स्टाइपेंड संशोधन, जो कि अब तक लागू नहीं किया गया है तथा अप्रैल 2025 से देय एरियर भी लंबित है. जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ( जेडीए) के नेतृत्व में रेजिडेंट डॉक्टरों ने शांतिपूर्ण विरोध शुरू किया है. इसी क्रम में काली पट्टी लगाकर प्रतीकात्मक विरोध किया जा रहा है. रविवार को राज्य के विभिन्न मेडिकल कॉलेज परिसरों में 'जस्टिस मार्च' आयोजित कर प्रेस वार्ता के माध्यम से अपनी बात रखी जाएगी.

# हर बसाहट में पक्की सड़क हो : शुक्ल

## उपमुख्यमंत्री ने की प्रधानमंत्री सड़क परियोजना की समीक्षा



**भोपाल, 6 मार्च. उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क परियोजना के कार्यों की समीक्षा की.**

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क परियोजना कार्यालय में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन के मापदंडो के अनुसार हर बसाहट में पक्की सड़क की सुविधा दें. इसके लिए इस वर्ष की कार्ययोजना में चिन्हित सड़कों को शामिल करें.

> उपमुख्यमंत्री ने कहा सड़कें विकास की वाहक होती हैं. गांव और बसाहट तक पक्की सड़क की सुविधा होने से आवागमन सुगम होने के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के अवसरों और आर्थिक विकास के अवसर मिलते हैं. बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, पार्षद वार्ड क्रमांक 4 दारा सिंह, राजेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे.

# न्यूज चैनलों की टीआरपी रिपोर्टिंग पर लगाई रोक

- **सरकार ने 4 हफ्तों के लिए लगाई पाबंदी**
- **सनसनीखेज खबरें दिखाने पर लिया फैसला**

**नई दिल्ली, 06 मार्च. सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने न्यूज टीवी चैनलों की टेलीविजन रेटिंग पॉइंट्स (टीआरपी) की रिपोर्टिंग को फिलहाल रोकने का निर्देश दिया है.**

मंत्रालय ने रेटिंग एजेंसी बीएआरसी से कहा कि वह अगले 4 हफ्तों तक या अगले आदेश तक न्यूज चैनलों की टीआरपी जारी न करे. यह फैसला जनता के हित को ध्यान में रखते हुए लिया गया है.

### अस्थायी तौर पर लगाई रोक

मंत्रालय के अनुसार इजराइल और ईरान के बीच चल रहे तनाव के दौरान कुछ न्यूज चैनल बिना पुख्ता जानकारी के सनसनीखेज और अटकलों पर आधारित खबरें दिखा रहे हैं. इससे आम लोगों में, खासकर प्रभावित इलाकों में रहने वाले लोगों और उनके परिवारों में घबराहट फैल सकती है. इसी वजह से सरकार ने अस्थायी तौर पर टीआरपी रिपोर्टिंग रोकने का कदम उठाया है.

## नाबालिग लड़की का पेड़ पर लटका मिला शव

**भोपाल, 6 मार्च.** रातीबड़ थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की का पेड़ पर लटका शव मिला. शुक्रवार सुबह घटना सामने आने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया. पुलिस को मौके पर सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ. मर्ग कायम कर रातीबड़ थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. मिली जानकारी के मुताबिक 16 वर्षीय किशोरी खुशी पारदी ग्राम छोटी झागरिया की रहने वाली थी.

**पश्चिम मध्य रेल**

**अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) हेतु आमंत्रण सूचना**

सं. BPL/Comm/Advt/EOI/2026/02 दिनांक: 05.03.2026

भारत की राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (Sr.DCM), भोपाल, भोपाल मंडल के स्वामित्व वाली ट्रेनों के बाहरी हिस्से पर विनाइल रैपिंग (Vinyl Wrapping) के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने हेतु केंद्र एवं राज्य सरकार के विभागों/एजेंसियों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/संवैधानिक निकायों/विधिक निकायों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित करते हैं।

**मुख्य विशेषताएँ:**

- **सीधा आवंटन:** वाणिज्य परिपत्र क्र. 08/2023 द्वारा जारी रेलवे बोर्ड की नीति के अनुसार, सरकारी एजेंसियों को सीधा आवंटन। आवंटन प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर किया जाएगा
- **उपलब्ध ट्रेनें:** भोपाल मंडल के स्वामित्व की समस्त ट्रेनें जैसे 12155/56, 12061/62, 22169/70/71/72, 12185/86, 22187/88, 12183/84, 11272/71, 22161/62, 22163/64, 22165/66, 11631/32/33/34 आदि.
- **विस्तार:** अधिकतम दृश्यता हेतु कोच के बाहरी हिस्से पर हाई-क्वालिटी विनाइल रैपिंग।

इच्छुक सरकारी विभाग/पीएसयू अपने प्रस्ताव (ट्रेन का नाम और अवधि सहित) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय (DRM Office), प.म.रे., साकेत नगर, भोपाल (म.प्र.)-462024 में जमा कर सकते हैं। **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि:** 15.03.2026

**विवरण एवं समन्वय हेतु संपर्क करें:**

• **संपर्क:** मुख्य वाणिज्य निरीक्षक (NFR) • **मोबाइल:** +91-9752416997

**सहायक वाणिज्य प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भोपाल**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/प) खरगौन संभाग खरगौन**

वेबसाइट: www.mp.gov.in/pwdmp, ई-मेल: eepwdkhargone@mp.nic.in

फोन नं.: 07282-231213

**निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 35/व.ले.लि./2025-2026** खरगौन, दिनांक 27/2/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैं. उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

| स.क्र. | टेंडर नं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_PWDRB_486139_1 | उपसंभाग बड़वाह के अंतर्गत सापट थरवर मार्ग पर विशेष मजबूतीकरण कार्य. लंबाई 3.30 कि.मी. (द्वितीय आमंत्रण) | 247.79 | 247790 | 15000 | केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी पंजीकरण | 03 माह वर्षाकाल सहित |
| | | **योग** | **247.79** | | | | |

1. निविदा प्रपत्र से संबंधित समस्त विवरण बिना शुल्क के वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है. ऑनलाइन पेमेंट करने के पश्चात बिड डॉक्यूमेंट क्रय किया जा सकता है.
2. निविदा प्रस्तुत करते समय बिड प्रस्तुतकर्ता को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है:- 1. बिड डॉक्यूमेंट की खरीदी का प्रमाण, 2. अर्नेस्ट मनी जमा करने का प्रमाण, 3. चेक लिस्ट, 4. एफिडेविट विस्तृत जानकारी बिड डाटा शीट में देखी जा सकती है.
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की दिनांक 2/3/2026 सुबह 10 बजे से दिनांक 16/3/2026 सायं 6 बजे तक निर्धारित है.
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है. सभी दस्तावेज ऑनलाइन स्वीकार होंगे. भौतिक रूप से एफडीआर स्वीकार नहीं होगी.
5. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन पेपर पब्लिकेशन में नहीं किया जाकर सिर्फ वेबसाइट पर ही किया जावेगा.

G26932/25

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. (भ/प) संभाग खरगौन

# एम्स में रामकृष्ण-विवेकानंद-वेदांत साहित्य प्रदर्शनी लगी



**भोपाल, 6 मार्च. एम्स भोपाल के डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम पुस्तकालय (केंद्रीय पुस्तकालय) में 'श्री रामकृष्ण-विवेकानंद-वेदांत साहित्य पुस्तक प्रदर्शनी एवं बिक्री' का आयोजन किया गया.**

यह कार्यक्रम केन्द्रीय पुस्तकालय द्वारा रामकृष्ण मठ के सहयोग से आयोजित किया गया.

इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों, विद्यार्थियों और पाठकों को भारतीय आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों से जोड़ना था, ताकि वे जीवन में सकारात्मक सोच और संतुलित दृष्टिकोण विकसित कर सकें.

## गंदगी फैलाने वाले से वसूला स्पॉट फाइन

**भोपाल.** नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के दल ने शुक्रवार को गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने की कारवाई की. यह कारवाई जोन 18 के वार्ड 82 के रहवासी से 5 हजार रुपए स्पॉट फाइन वसूला. संबंधित व्यक्ति के द्वारा स्वर्ण जयंती पार्क में कचरा फैंका गया था. वार्ड 83 में अमेजॉन कार्यालय के सामने गंदगी पाये जाने पर 3 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया.

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम MOHAMMAD MOHSIN SIDDIQUI था। जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर MOHD MOHSIN SIDDIQUI हो गया है। जो कि मेरे सभी दस्तावेज में है। अत: अब मुझे मेरे इसी सही नाम MOHD MOHSIN SIDDIQUI S/O AFAQ SIDDIQUI से ही जाना पहचाना जाए।

ADDRESS : D 58 FLAT No. E 1, IVORY RESIDENCY, PHASE 2, NEAR KOHE FIZA MASJID, BDA COLONY, KOHEFIZA BHOPAL462001 M.P

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं संतोष रामराव कोकने मेरी पुत्री के पुराने जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम अशिंका कोकने अंकित हो गया था। लेकिन मेरी पुत्री के आधार कार्ड एवं अन्य मुल दस्तावेजों में उसका नाम अशिंका संतोष कोकने अंकित हैं, जो सही हैं। उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। अत: भविष्य में मेरी पुत्री को अशिंका संतोष कोकने पुत्री संतोष रामराव कोकने के नाम से जाना जाएं।

सही: अशिंका संतोष कोकने
(ANSHIKA SANTOSH KOKANE)
पुत्री संतोष रामराव कोकने
निवासी: ग्राम- जामठी, तह-मुर्तिजापुर, जिला-अकोला, महाराष्ट्र-444106

**संचालनालय खेल और युवा कल्याण**

टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल (म.प्र.)

**ई-निविदा सूचना**

संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश, द्वारा **"स्पोर्ट्स मेडिसिन सेंटरों हेतु फिजियोथैरेपी उपकरण प्रदाय/स्थापना कार्य हेतु"** निर्माता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें **www.mptenders.gov.in** पर उपलब्ध है। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा।

म.प्र. माध्यम/124771/2026 **संचालक**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. 03 बैरागढ़ चीचली, तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र.**

प्रकरण क्र. 022802032015076-APP-27373403
ग्राम का नाम: गेहूंखेड़ा
प.ह.नं. 10, तहसील कोलार, जिला भोपाल

**सूचना पत्र**

प्रति,
**1. श्री राजेश अग्निहोत्री पुत्र श्री आर.के. अग्निहोत्री, निवासी- एफ-8/14, चार इमली, भोपाल म.प्र., 2. श्री कृष्ण के बैस पिता श्री हनुमंत सिंह बैस एवं श्री बी.एस. पिता श्री पूरन सिंह, खातेदार- ग्राम- गेहूंखेड़ा, तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र., 3. रामजानकी बिल्डर्स एवं डेवलपर्स प्रा.लि. प्रबंध श्री रामनाथ पिता श्री एस.एन. शर्मा, निवासी ई-5/137, अरेरा कॉलोनी, भोपाल म.प्र., 4. श्री कुनाल सक्सेना पिता श्री कैलाश नारायण सक्सेना एवं श्रीमती पुष्पलता सक्सेना पत्नी श्री कैलाश नारायण सक्सेना एवं श्री बलजिंदर कौर पत्नी श्री अर्दमान पाल सिंह एवं श्रीमती रेखा पाल पत्नी श्री सोबरन पाल व श्री प्रकाश सिंह आ. श्री रामजी सिंह एवं अन्य सहखातेदार- ग्राम- गेहूंखेड़ा, तहसील कोलार, जिला भोपाल म.प्र., 6. सर्वसाधारण एवं अन्य हितबद्ध पक्षकारगण.**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सपना सिंह देव पत्नी श्री ए.एस. सिंह देव, निवासी- ई-1/80, सरगुजा हाउस अरेरा कॉलोनी भोपाल म.प्र. द्वारा ग्राम गेहूंखेड़ा, प.ह.नं. 10, तहसील कोलार, जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 16, रकबा 0.0400 हे., कुल खसरा नंबर 01, कुल रकबा 0.0400 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है. आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमांकन मेरे द्वारा दिनांक 13/3/2026 को समय प्रात: 11 बजे स्थल पर किया जाएगा. पड़ोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमांकन से कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व संबंधी एवं आनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं. अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन कार्य रोका नहीं जावेगा. बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नहीं होगी. अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमांकन की दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है. पड़ोसी भूमि स्वामी का पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वयं के व्यय पर उक्त सूचना पत्र का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में कराया जा सकता है.

**आज दिनांक 6/3/2026 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया.**

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं.-03, बैरागढ़ चीचली

# वीरेंद्र साहू तैलिक महासभा में प्रदेश संगठन सचिव बने

**बैरसिया, 6 मार्च. मध्यप्रदेश साहू तैलिक महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू द्वारा बैरसिया निवासी वीरेंद्र साहू को प्रदेश संगठन सचिव पद पर नियुक्त किया है.**



नवनियुक्त प्रदेश सचिव ने संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का भरोसा दिया है. वीरेंद्र साहू को मध्य प्रदेश तैलिक साहू महासभा के कार्यवाहक अध्यक्ष रमेश साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद साहू, संरक्षक डॉ हेमराज साहू, महासचिव अनिल साहू अकेला, हितेश साहू, उपाध्यक्ष जितेंद्र साहू, बैरसिया साहू समाज अध्यक्ष जितेंद्र साहू डागा, नवयुवक मंडल अध्यक्ष प्रशांत साहू, पंकज साहू, शैलेंद्र साहू, रूपेश साहू, लालाराम साहू नगर सेठ, प्रकाश साहू ,गुलाब साहू, श्याम साहू , प्रमोद साहू, अजय साहू, अमित साहू, बद्री साहू , राजेंद्र साहू आदि ने बधाई दी है.

**MADHYA PRADESH MADHYAM**
40, Administrative Zone, Arera Hills, Bhopal-462011 (M.P.)

**TENDER FOR INTERIOR & MAINTENANCE WORKS**

Sealed tenders are invited in the prescribed form for supply of office furniture and other interior maintenance works of Madhya Pradesh Madhyam, Bhopal from reputed and experienced Govt. furniture supply firms of Bhopal. Probable cost of work is Rs. 20 lakh. Tender documents and other details can be obtained from the office of Madhya Pradesh Madhyam on all working days during office hours upto **02.04.2026, 5.30 P.M.** by paying Rs. 2000/- (non-refundable) in cash. Tenders will be accepted upto **06.04.2026, 3.00 P.M.** and will be opened on the same day at 3.30 P.M. in the presence of tenderers or their authorised representatives who may like to be present. A Bank Demand Draft of Rs. 50,000/- (Rs. Fifty thousand only) drawn in favour of "Madhya Pradesh Madhyam, Bhopal" shall have to be enclosed alongwith the tender towards EMD. Tenders received after the prescribed time limit will not be entertained. The Managing Director of Madhya Pradesh Madhyam reserves all the rights to accept or reject any or all tenders without assigning any reason thereof.

Madhyam/124789/2026 **MANAGING DIRECTOR**

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
(A Govt. of M.P. Undertaking)
OFFICE OF DY. GENERAL MANAGER (O&M) DIVISION PIPARIYA
Phone No. : 07576-220249, E-mail : dgmpip@gmail.com

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

MPMKVVCL here by invited separate offer/rate for hiring the below mentioned type of Vehicle in the following locations :-

| Tender Specification No. | Name of Unit/ Office | Particulars | EMD (Rs.) | Due Date of Submission of Offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|---|---|
| EE/O&M// Vehicle/ 2026/5822-23 Pipariya, Dated 06.03.26 | Assistant Manager MPMKVVCL Chandone | Type Type F3 : Mini Pick up-Double cabin with ladder/Any Low-End SUV half open from backside for carriage of man, materials,ladder, etc. or equivalent. (for single shift) (As per Vehicle Policy) | 3000/- | 12.03.2026 Up to 03:00 pm | 12.03.2026 at 3:30 pm |
| EE/O&M// Vehicle/ 2026/5824-25 Pipariya, Dated 06.03.26 | Assistant Manager MPMKVVCL Pipariya Rural North | Type Type F3 : Mini Pick up-Double cabin with ladder/Any Low-End SUV half open from backside for carriage of man, materials,ladder, etc. or equivalent. (for single shift) (As per Vehicle Policy) | 3000/- | 12.03.2026 Up to 03:00 pm | 12.03.2026 at 3:30 pm |

Other details, terms and conditions are available on company website **https://portal.mpcz.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/124785/2026 **DGM (O&M)**